अमर उजाला 25/03/2023

# पंजाबी काव्य उच्चारण में बीएससी के लवदीप ने पाया प्रथम स्थान



जीएमएन कॉलेज के पंजाबी विभाग की ओर से काव्य प्रतियोगिता में सम्मानित विजेता। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के पंजाबी विभाग ने पंजाबी काव्य उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इसमें विद्यार्थियों ने आधुनिक पंजाबी काव्य, मध्य-काव्य की कविताओं का उच्चारण पढ़कर और गाकर किया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष के लवदीप सिंह, दूसरा स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मनप्रीत कौर, तीसरा स्थान बीए द्वितीय वर्ष अंशिका और चौथा स्थान बीए तृतीय वर्ष के छात्र लवदीप सिंह को प्राप्त हुआ। वहीं पांचवां स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र अजय ने प्राप्त किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों को काव्य साहित्य से अवगत करवाते हुए विश्व काव्य साहित्य में पंजाबी साहित्य के योगदान के बारे में चर्चा की। उन्होंने गुरमति काव्य, भक्ति काव्य, आधुनिक काव्य को मनुष्य की जिंदगी से जोड़ते हुए जीवन में काव्य साहित्य के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में हमें ऐसी प्रतियोगिता को बढ़ावा देना चाहिए। मंच संचालन की भूमिका विभाग की सहायक प्रवक्ता डॉ. जसवीर कौर ने निभाई।